# भोलेनाथ तुम्हारा भोलापन भजन लिरिक्स

भोलेनाथ तुम्हारा भोलापन,
श्री विष्णु के मन भाया है,
दे दिया भस्मा को वरदान तूने,
बन नारी नारायण आया है,
भोले नाथ तुम्हारा भोलापन,
श्री विष्णु के मन भाया है।bd।

---

वरदान तुम्ही से पाकर के,
रावण भी बड़ा गर्वाया था,
तब राम जी ले अवतार प्रभु,
रावण का गर्व मिटाया था,
भोले नाथ तुम्हारा भोलापन,
श्री विष्णु के मन भाया है।bd।

---

जब करके तपस्या भगीरथ ने,
गंगा को तुमने मनाया था,
तारा साठ हजार सगर सूत को,
तीनों लोक में तेरी माया है,
भोले नाथ तुम्हारा भोलापन,
श्री विष्णु के मन भाया है।bd।

---

जब सती को सुनाई अमरकथा,
सुआ भी हुंकारा देता था,
सुऐ से बने सुकदेव मुनि,
उसने भी अमर पद पाया है,
भोले नाथ तुम्हारा भोलापन,
श्री विष्णु के मन भाया है।bd।

---

भोलेनाथ तुम्हारा भोलापन,
श्री विष्णु के मन भाया है,
दे दिया भस्मा को वरदान तूने,
बन नारी नारायण आया है,
भोले नाथ तुम्हारा भोलापन,
श्री विष्णु के मन भाया है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

स्वर – मांगीलाल जी राव।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com